सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 357 | इंदौर, शनिवार 12 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सीएम डॉ. मोहन यादव 13 से 19 तक विदेश यात्रा पर

### अब दुबई और स्पेन से आएगा निवेश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 से 19 जुलाई को दुबई और स्पेन की यात्रा पर रहेंगे। यह दौरा मध्यप्रदेश की वैश्विक निवेश रणनीति में महत्वपूर्ण कदम होगा। दुबई में मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेश को लेकर इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल काउंसिल के प्रतिनिधियों के साथ प्रमुख बैठक प्रस्तावित है, जहां मध्य प्रदेश की औद्योगिक तैयारियों और निवेश नीति को लेकर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दुबई में कार्यरत लुलु इंटरनेशनल ग्रुप, लैंडमार्क ग्रुप और नखील ग्रुप जैसे अंतर्राष्ट्रीय रिटेल और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ उच्चस्तरीय वार्ता करेंगे, जिनमें प्रदेश में लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउस, रिटेल चेन और निवेश संबंधी अन्य सहयोग पर विचार किया जाएगा।

## मप्र में 30 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले, 15 हजार से अधिक रोजगार मिलेंगे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। इसमें लगभग 30 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे प्रदेश में 15 हजार से अधिक रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उद्योग, होटल, रियल एस्टेट, एजुकेशन, रिन्यूअल एनर्जी, आईटी आदि क्षेत्रों में यह निवेश आए हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में देशभर से आए उद्योगपतियों से सीधे चर्चा की और उनकी परेशानियों को जाना। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत उद्योगों में आने वाली परेशानियां दूर करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित विधायकगण और अन्य जनप्रतिनिधि भी विशेष रूप से मौजूद थे। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के विकास के लिए 12 हजार 360 करोड़ रुपए की सौगातें भी दी। उन्होंने मुख्य रूप से जल प्रदाय, सीवरेज, स्वच्छता और अधोसंरचना निर्माण के लिये 5 हजार 454 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों कार्यों की सौगातें दी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को 2 हजार 799 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान भी दिया।

### कहां कितना निवेश आया

उद्योग - 12 हजार 473 करोड़
हॉटल - 3 हजार 344 करोड़
रियल एस्टेट - 1812.14 करोड़
एजुकेशन - 72.45 करोड़
रिन्यूअल एनर्जी - 500 करोड़
आईटी - 100 करोड़

**यहां भी मिले निवेश प्रस्ताव-** इसके अलावा इंदौर और भोपाल विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत 12 निवेशकों से 2 हजार 784 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नगरीय निकायों को अधोसंरचना विकास के लिए एक हजार 320 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान दिया गया है।

### जांच रिपोर्ट में खुलासा

# उड़ान के तीन सेकेंड बाद बंद हुई ईंधन आपूर्ति

# 29 सेकेंड में विमान क्रैश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की शुरुआती रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, एअर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान (एआई 171) 12 जून को जब अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने लगा तो केवल तीन सेकेंड बाद ही ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई। टेकऑफ के बाद दोनों इंजनों की ईंधन आपूर्ति बंद होते ही केवल 29 सेकेंड बाद विमान मेघाणीनगर में क्रैश हो गया।

एएआईबी की रिपोर्ट के मुताबिक टेकऑफ के समय ईंधन सप्लाई बंद होते ही इंजनों की पंखे की गति कम होने लगी थी। 213.4 टन वजन के साथ उड़ा विमान हवाई अड्डे की परिधि की दीवार पार करने से पहले ही नीचे आने लगा। इस समय विमान में 54,200 किलोग्राम फ्यूल था और टेक-ऑफ वजन 2,13,401 किलोग्राम रहा, जो अधिकतम अनुमत वजन 2,18,183 किलोग्राम से कम था। रिपोर्ट में कहा गया है कि एयरक्राफ्ट ने 180 नॉट्स की अधिकतम रफ्तार हासिल की और उसी दौरान दोनों इंजनों के फ्यूल कटऑफ स्विच रन से कटऑफ में बदल गए। इन दोनों स्विच में सिर्फ 1 सेकंड का अंतर था।

### कॉकपिट रिकॉर्डिंग से क्या पता चला?

एएआईबी ने कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर का भी विश्लेषण किया है। इसमें एक पायलट दूसरे से पूछता है, 'तुमने कटऑफ क्यों किया? जवाब मिलता है, 'मैंने नहीं किया।' इससे अंदेशा है कि ये कटऑफ स्वचालित या तकनीकी गड़बड़ी के चलते हुआ, जिसे अब गहराई से जांचा जा रहा है। इतना ही नहीं, रिपोर्ट में ये भी बताया गया कि पायलटों ने दोनों इंजनों को फिर से शुरू करने की कोशिश की। इंजन-1 दोबारा शुरू होने लगा और उसकी गति रिकवर होने लगी, लेकिन इंजन-2 बार-बार फ्यूल रीइंट्रोड्यूस करने के बावजूद पर्याप्त गति नहीं पकड़ पाया।

### रखरखाव में कोई खामी नहीं मिली

एएआईबी ने विमान VT-ANB के मेंटेनेंस रिकॉर्ड की भी जांच की। इसमें पाया गया कि थ्रॉटल कंट्रोल मॉड्यूल 2019 और 2023 में बदला गया था, लेकिन इसका संबंध फ्यूल कटऑफ से नहीं था। फ्यूल स्विच को लेकर साल 2023 के बाद कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई।



## पायलट ने पूछा- ईंधन स्विच क्यों बंद किया? दूसरे का जवाब- नहीं किया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून को एअर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में कुल 260 लोगों की मौत हो गई थी। विमान में सवार 242 लोगों में से केवल एक व्यक्ति जीवित बचा था। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा शनिवार को जारी प्रारंभिक रिपोर्ट में कई अहम खुलासे किए हैं। रिपोर्ट में हादसे की वजह इंजनों के ईंधन का कट ऑफ होना बताया गया है। हालांकि रिपोर्ट में बोइंग 787-8 विमान के संचालकों के लिए अभी कोई कार्रवाई की सिफारिश नहीं की गई है। आइए विस्तार से जानते हैं इस रिपोर्ट में क्या कहा गया है....

### ईंधन कट ऑफ होने को लेकर पायलट के बीच हुई थी बात

रिपोर्ट में कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर में इंजन बंद होने को लेकर पायलट और को-पायलट के बीच बातचीत को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक पायलट सुमित सभरवाल ने अपने को-पायलट क्लाइव कुंदर से सवाल पूछा- तुमने इंजन ईंधन क्यों बंद किया? इसके जवाब में को-पायलट क्लाइव कुंदर ने कहा, मैंने नहीं किया। ऐसे में यह एक संभावित तकनीकी खामी हो सकती है।

### 180 नॉट्स की गति हासिल करते ही बंद हुए विमान के दोनों इंजन

एएआईबी की 15 पन्नों की रिपोर्ट में पता चला है कि टेकऑफ के कुछ सेकंड ही बाद विमान के दोनों इंजन अचानक अपने-आप बंद हो गए थे, जिससे विमान क्रैश हो गया। विमान के 180 नॉट्स की अधिकतम इंडिकेटेड एयरस्पीड हासिल के तुरंत बाद इंजन-1 और इंजन-2 के फ्यूल कट-ऑफ स्विच (जो इंजन को ईंधन भेजते हैं) 'रन' से 'कट ऑफ ' की स्थिति में चले गए। इस घटना क्रम सिर्फ 1 सेकंड के अंतराल में हुआ। ईंधन के बंद होते दोनों इंजन के एन-1 व एन-2 की स्पीड तेजी से गिरने लगी।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक बगिया मां के नाम अभियान का भूमि-पूजन एवं पौधरोपण किया

◆ केसरबाग में 51 हजार फलदार और औषधीय पौधे लगाए जाएंगे




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। भारत वसुधैव-कुटुम्बकम की संस्कृति पर चल रहा है, जहाँ पूरा विश्व एक परिवार की तरह है। जब सारा विश्व युद्ध में झुलस रहा है, तब भारत जियो और जीने दो का संदेश देकर अपनी उदार संस्कृति का परिचय दे रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर के केसरबाग क्षेत्र में एक बगिया माँ के नाम नगर वन निर्माण का भूमि पूजन एवं पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह संयोग है कि आज श्रावण माह का पहला दिन है और इसी दिन केसरबाग में 'एक बगिया माँ के नाम' के तहत इंदौर को हरा-भरा और सुंदर बनाने का संकल्प लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत के लोग प्रारंभ से ही प्रकृति के निकट रहे हैं और उन्होंने प्रकृति में भी परमात्मा के दर्शन किये है। कार्बन उत्सर्जन को दूर करने में पौधों की बड़ी भूमिका है। पेड़ ऋषि-मुनि के समान होते है, जो प्रकृति से कम और लेते देते अधिक हैं। पौधों में प्राण होते है और भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चन्द्र बसु ने वैज्ञानिक रूप से सिद्ध करके दिखाया कि पौधों मे प्राण होते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केसरबाग में आम के पौधे का रोपण किया। नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि क्लॉथ मॉर्केट एसोसिएशन ने शासन को केसरबाग में जो चार एकड़ से अधिक जमीन पौधारोपण के लिए दी है, उस पर 51 हजार से अधिक पौधे लगाकर इसे सुन्दर और प्रदेश की सबसे बड़ी बगिया बनाया जाएगा। बगिया में फलदार और औषधीय पौधे लगाये जायेंगे। बीते वर्ष हमने एक दिन में रेवती रेंज मे 12 लाख 40 हजार से अधिक पौधारोपण कर इतिहास रचा था। वर्तमान में सभी पौधे जीवित है और लहरा रहे है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि इस मानसून में इंदौर जिले में 7 लाख पौधों का रोपण हो चुका है और आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक संस्थाएं हजारों की संख्या में पौधारोपण करेंगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रकृति प्रेमी है और वे जल संरक्षण एवं जल संवंधन की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। मुनि श्री आचार्य विभोव सागर महाराज ने कहा कि पर्यावरण जीवन का आधार और संस्कृति का संरक्षक है। जहाँ वृक्ष होते है, वहाँ बादल अधिक बरसते हैं हर व्यक्ति अपने आंगन में एक पेड़ अवश्य लगाये। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, महेद्र हार्डिया, श्रीमती मालिनी गौड़, सुश्री उषा ठाकुर, गोलू शुक्ला आदि शामिल थे।

# स्टूडेंट्स की समस्या के निराकरण के लिए जल्द ही ऐप लॉन्च होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्टूडेंट्स की समस्या के निराकरण को लेकर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय जल्द ही एक ऐप लॉन्च करने वाला है। इसकी तैयारी की जा रही है। संभवत अगस्त माह में नए सेशन के साथ इसकी शुरुआत हो जाएगी। इसके पहले 15 दिन का ट्रायल किया जाएगा, ताकि ऐप में आने वाली दिक्कतों को दूर किया जा सके, जिससे स्टूडेंट्स को ऐप का इस्तेमाल करने में कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े।**



हालांकि इस ऐप का नाम क्या होगा यह अभी तय नहीं हुआ है। ये ऐप एंड्राइड और आईओएस दोनों के लिए होगा। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के असिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. विष्णुनारायण मिश्रा ने बताया कि यूनिवर्सिटी लेवल पर ऐप डेवलप किया जा रहा है। इसमें स्टूडेंट्स की जितनी भी समस्याएं आएगी उसे दूर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टूडेंट्स जैसे ही एडमिशन लेता है उसके बाद वह इस ऐप का इस्तेमाल कर सकेगा। अगर उसे होस्टल में कोई परेशानी है। हॉस्टल नहीं मिल रहा है। क्लास में कोई समस्या आ रही है। बुक्स अवेलेवल नहीं हो रही है। एग्जाम में कोई समस्या हो गई। कॉपी चेकिंग में कोई समस्या है। मार्कशीट समय से नहीं बन रही है, डिग्री नहीं बन रही है। मार्कशीट या डिग्री में कोई करेक्शन कराना है। इस तरह की जितनी भी समस्या आती है, स्टूडेंट्स को उसे दूर करने के लिए ये ऐप तैयार कराया जा रहा है। फिलहाल ऐप का नाम तय नहीं हुआ है। विचार विमर्श चल रहा है। ऐप बनाना का प्रोसेस चल रहा है। आगामी सेशन के पहले इसे लॉन्च करने की तैयारी हैं। असिस्टेंट रजिस्ट्रार ने बताया कि इस ऐप में अलग-अलग समस्याओं को रखा जाएगा। इसमें वो समस्याएं शामिल की जाएगी, जो अक्सर स्टूडेंट्स को फेस करना पड़ती है। हम समस्या के हिसाब से उसकी टाइम बाउंडेशन भी देंगे। ताकि समय पर स्टूडेंट्स की समस्या का निराकरण हो सके और उसे कोई परेशानी न हो।

# श्रावण मास यात्रा के चलते भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही शुरू हो रही धार्मिक यात्राओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए खंडवा जिला प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के मद्देनजर महत्वपूर्ण फैसला लिया है। 11 जुलाई से प्रारंभ हो रही श्रावण मास की कावड़ यात्राओं के मद्देनजर खण्डवा-इन्दौर मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह मार्ग अत्यंत व्यस्त रहने से दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। अतः जन सुरक्षा, शांति एवं सुव्यवस्था बनाए रखने हेतु यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।**

11 जुलाई 2025 से इन्दौर-इच्छापुर मार्ग पर मालवाहक भारी वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। बुरहानपुर की ओर से जिले में प्रवेश करने वाले भारी वाहन खण्डवा जिले के ग्राम देशग्राम से होते हुए एबी रोड तक पहुंच सकेंगे। इन्दौर से चलने वाले भारी वाहन तेजाजी नगर से डायवर्ड होकर मानपुर- खरगोन के रास्ते होते हुए ग्राम देशगांव में प्रवेश कर देशगांव के आगे मार्ग से बुरहानपुर तक पहुंच सकेंगे।

आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। इनमें दूध वाहन, दवा वाहन, अग्निशमन वाहन, विद्युत मण्डल के कार्य हेतु चलने वाले वाहन, एलपीजी/पेट्रोलियम पदार्थों के 20 किलो लीटर क्षमता तक के टैंकर तथा यात्री बसें शामिल हैं। यह आदेश 11 जुलाई 2025 से प्रभावशील होगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया "कल के शहरों का निर्माण" प्रदर्शनी का उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' अन्तर्गत कल के शहरों का निर्माण थीम पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में विकास के लिए संचालित विभिन्न प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विकसित सुदृढ़ अधोसंरचना, नवाचारों, निवेश प्रोत्साहन नीतियों एवं योजनाओं से संबंधित प्रकल्प प्रदर्शित किए गए। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की।

प्रदर्शनी में इंदौर विकास प्राधिकरण की अधोसंरचना विकास के लिए अपनाए गए मॉडल जिसमें पीपीपी मोड पर आधारित बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स पार्क के निर्माण, एयरपोर्ट के पास कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने के लिए निर्माणाधीन स्टार्टअप पार्क को प्रकाशित किया गया। प्रदर्शनी में सारे प्रोजेक्ट्स की जानकारी को डिजिटली उपलब्ध कराने के लिए क्यूआर कोड की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डिजिटल व्यवस्था देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। 'कल के शहरों' के निर्माण में मेट्रो रेल की भूमिका को दर्शाने वाली प्रदर्शनी में इंदौर मेट्रो रेल परियोजना (येलो लाइन), भोपाल मेट्रो रेल परियोजना (ऑरेंज और ब्लू लाइन), रोलिंग स्टॉक (ट्रेन) देशी तकनीक से निर्मित आधुनिक मेट्रो ट्रेनें, सूचनात्मक पैनल को प्रदर्शित किया गया जिसके माध्यम से कल के शहरों में आवागमन के सशक्त साधन को दिखाया गया है। टेक्नोलॉजी आधारित विकास की पांच परिवर्तनकारी नीतियाँ आईटीईएस एवं ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति 2023, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर नीति 2025, ड्रोन प्रोत्साहन एवं उपयोग नीति 2025, एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी) नीति 2025, सेमीकंडक्टर नीति 2025 का प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम इंदौर द्वारा एक विशेष प्रदर्शनी भी प्रस्तुत की गई जिसमें राज्य के प्रमुख अधोसंरचना परियोजना के गतिशील औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र, तेजी से विकसित होती आईटी अवसंरचना, और समावेशी शहरी विकास को प्रदर्शित किया गया है।

# बिना बूंदों के आया सावन

## सजे शिवालय, भक्त पहुंचे पूजा-अर्चना करने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में श्रावण मास तो शुरू हो गया। सावन के झूले सज गए है, लेकिन सावन के फेरे नहीं आ रहे है। बिना बूंदों के सावन इस बार आया। स्वागत सुबह हल्की धूप ने किया। सावन मास में शहर के शिवालय सज गए है।**



शुक्रवार सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। पूरे सावन माह में मंदिरों में पूजन, जलाभिषेक और अनुष्ठान होंगे। सावन माह के चारों सोमवारों पर मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे। गेंदेश्वर मंदिर में सुबह रुद्राभिषेक शुरू हुआ। यहां सुबह से भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। भक्तों ने शिवलिंग की पूजा की। शहर के प्राचीन मंदिर देवगुराडिया में पूरे सावन माह में मंत्रों का जाप होगा। सोमवार को महाभिषेक होंगे। इस प्राचीन मंदिर में सावन माह शुरू होते ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी है। मंदिर के बाहर बेलपत्र, फूलों की दुकानें सजने लगी है। धार रोड स्थित धरावरा धाम में सावन माह में अखंड रामायण पाठ होगा। हर दिन महादेव का पूजन व अभिषेक होगा। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शाही सवारी भी निकलेगी। देवगुराडिया के अलावा देवी अहिल्याबाई द्वारा जीर्णोद्धार किए गए प्राचीन शिव मंदिर है। इंदौर का सबसे प्राचीन इंद्रेश्वर मंदिर है। इस मंदिर के कारण शहर का नाम इंदौर पड़ा। यहां का शिवलिंग होलकरशासन काल से भी पहले स्थापित है। इसके अलावा भूतेश्वर महादेव मंदिर, बाणेश्वर मंदिर, पंचकुइया महादेव मंदिर प्रमुख है।

# पुलिस ने बदमाशों को समझाया और अपराध न करने की सलाह दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक बार गुंडे का ठप्पा लग गया तो कुछ भी कर लो हटेगा नहीं। मान-प्रतिष्ठा भी खत्म हो जाती है। पुलिस-प्रशासन से परेशान होना पड़ता है। मार खानी पड़ती है। थोड़ा करेंगे और ज्यादा भरेंगे। बार-बार थाने और कचहरी के चक्कर लगाने पड़ेंगे। पैसे की बर्बादी हो जाएगी। मैं अपने बच्चों को मेरे जैसा नहीं बनाना चाहता हूं। उन्हें सम्मान से जीने लायक बनाऊंगा।**



ये बातें आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों ने हीरानगर थाने में लिखी हैं। पुलिस ने उन्हें काउंसलिंग और पूछताछ के लिए बुलाया था। बातचीत के दौरान अफसरों ने उनसे सवाल पूछे कि क्या वे बच्चों को भी ऐसा (अपराधी) बनाना चाहते हैं। एसीपी रुबीना मिजवानी के अनुसार थाने में करीब 25 बदमाशों को बुलाया गया था। उनके साथ उनकी पत्नियां, बच्चे, माता-पिता भी आए थे। पुलिस ने उनकी दिनचर्या, कामकाज की जानकारी ली। अपराध न करने की सलाह दी और कहा कि सुधरने में पुलिस भी मदद करेगी। इस दौरान पुलिस ने थाने में कुछ सवाल भी पूछे। बदमाशों ने उनका लिखित में जवाब दिया। बच्चों पर बात आई तो सभी ने एक जैसे उत्तर लिखे।

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने 14 बदमाशों पर कार्रवाई की है। सात को जिलाबदर किया जबकि सात को थाने में हाजिरी देने के आदेश दिए हैं। पुलिस के मुताबिक अतीक उर्फ अतीकुर रहमानल काजी की चाल, मंगेश अंकोलकर सुखलिया, अमन कोचले चितावद, जयराज कदम सूर्यदेव नगर, शक्ति उर्फ सत्ता सिंह और संजय खोरवाल कुलकर्णी नगर, अमन उर्फ बड़े लाल गली को जिलाबदर किया है। इसी तरह आरोपित रईस खान निवासी नंदन नगर, दीपक जाट निवासी सर्वहारा नगर, नारायण उर्फ नरेंद्र सूर्यवंशी निवासी गौरीनगर, धर्मेंद्र उर्फ धम्मू यादव निवासी मूसाखेड़ी, रवि गौंड निवासी बक्षीबाग कॉलोनी, रोहन कौशल निवासी देवनगर और दीपक उर्फ भतीजा निवासी नेहरू नगर को छह माह के लिए निर्बन्धन किया है।

रजिस्ट्रार शर्मा के खिलाफ शिकायत

# रजिस्ट्री की सर्टिफाइड कॉपी के नाम पर मांगे ₹10 लाख

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



इंदौर। 13 करोड़ से ज्यादा की स्टाम्प ड्यूटी चोरी का मामला सामने आने के बाद भ्रष्टाचार का एक और मामला सामने आया है। पीड़ित ने रजिस्ट्रार की नामजद शिकायत करते हुए 10 लाख रुपए मांगने के आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता अंकित पिता सुरेंद्र यादव ने इस मामले में कलेक्टर से इस मामले की शिकायत की है। शर्मा के खिलाफ अब तक चार शिकायतें मिल चुकी हैं।

अंकित यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि मेरे पिता के निधन के बाद कुछ लोगों ने षड्यंत्रपूर्वक दो प्लॉट उनसे खरीदना बता दिए। मैंने इस मामले की शिकायत बाणगंगा थाने में की। संतोष पिता तुकाराम गावड़े की पत्नी सरस्वती गावड़े ने मेरे प्लॉट की रजिस्ट्री दूसरे लोगों को कर दी। मैंने जब दो प्लॉट की सर्टिफाइड कॉपी के लिए इंदौर-1 के रजिस्ट्रार ऑफिस में शिकायत की तो एक महीने तक मुझे कोई जवाब नहीं दिया गया। मैं जब रजिस्ट्रार कार्यालय गया तो मुझे वहां के बाबू प्रदीप निगम ने रजिस्ट्रार दीपक शर्मा से मिलने को कहा। दीपक शर्मा से मिलने पर उन्होंने बताया कि आपके प्रकरण की जांच चल रही है। मैंने पूछा किस बात की जांच तो रजिस्ट्रार दीपक शर्मा ने कहा कि जांच के दौरान सर्टिफाइड कॉपी नहीं दी जा सकती। फिर मुझे दो-तीन दिन बाद आने को कहा गया। तब मुझे शर्मा ने कैलकुलेटर में 10 लाख रुपए लिखकर दिए और कहा कि इतना पैसा दे दोगे तो अगले ही दिन सर्टिफाइड कॉपी मिल जाएगी। जिला पंजीयक अमरेश नायडू ने बताया कि वरिष्ठ जिला पंजीयक दीपक शर्मा के बारे में कलेक्टर आशीष सिंह से कुछ लोगों ने शिकायत की थी। कलेक्टर ने इसकी जांच मुझे सौंपी है। नायडू ने कहा कि जांच शुरू कर दी है। इसके तहत रिकॉर्ड रूम से तथ्य जुटाए जा रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद कलेक्टर को रिपोर्ट सौंपेंगे।

# स्कूल से लौटकर लगाई फांसी...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। भंवरकुआ क्षेत्र की एक 14 साल की छात्रा ने गुरुवार शाम अपने घर के ऊपरी कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह 8वीं कक्षा में पढ़ती थी और दोपहर में स्कूल से लौटने के बाद अपनी बड़ी बहनों के साथ बाहर गई थी। शाम को वह ऊपर कमरे में चली गई। जब देर तक नीचे नहीं आई तो उसकी बहन उसे देखने गई, जहां वह फंदे पर लटकी मिली।

परिजन उसे फौरन आरके हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के रिश्तेदार गोपी ने बताया कि गली में रहने वाला एक युवक स्कूल आते-जाते उसे परेशान करता था। वह कई बार घर के आसपास भी घूमता रहता था। तीन महीने पहले परिजनों ने भंवरकुआ थाने में महिला पुलिस अधिकारी को इसकी लिखित शिकायत भी दी थी। उस समय पुलिस ने युवक को समझाइश दी थी, लेकिन इसके बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। परिजनों का कहना है कि बच्ची इस वजह से काफी तनाव में थी। शायद इसी कारण उसने यह कदम उठाया। पुलिस के मुताबिक, छात्रा के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसका मोबाइल जब्त कर लिया गया है, लेकिन फिलहाल उसमें कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। छात्रा के माता-पिता रसोई का काम करते हैं और घटना के समय घर पर नहीं थे।

# मस्जिद में थे परिवार के लोग... घर में लाखों की चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र के नूरानी नगर में गुरुवार रात एक फर्नीचर व्यापारी के घर चोरी हो गई। व्यापारी अजीज खान अपने परिवार के साथ पास की मस्जिद में गए हुए थे। इसी दौरान एक बाइक सवार चोर घर में घुसा और लाखों रुपए का सामान चोरी कर ले गया। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, अजीज खान अपने परिवार के साथ मस्जिद गए थे। रात करीब 11:30 बजे एक युवक बाइक से पहुंचा और घर के लोहे के गेट से कूदकर अंदर दाखिल हो गया। चोर ने घर में घुसकर नकदी और कीमती सामान समेत करीब 10 से 12 लाख रुपए का माल चोरी कर लिया। घटना के बाद अजीज खान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली है। साथ ही, घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। व्यापारी अजीज ने बताया कि उन्होंने चोर को पकड़वाने के लिए सोशल मीडिया पर सीसीटीवी वीडियो भी शेयर किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रतलाम के युवक ने इंदौर में किया रेप, लिवइन में भी रखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भंवरकुआ इलाके की एक होटल में मुंबई की महिला के साथ रतलाम के युवक ने रेप किया। आरोपी ने शादी का झांसा दिया और साथ में रखा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के बाद आरोपी पर गुरुवार को केस दर्ज किया है।**

भंवरकुआ पुलिस ने बताया कि एक शादीशुदा महिला की शिकायत पर मुकेश पुत्र कचरूलाल पंचोला निवासी रतलाम के खिलाफ रेप के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस को पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 2015 में मुंबई में हुई। चार साल पहले उसकी सहेली की शादी थी। जिसमें मुकेश से मुलाकात हुई। यहां मुकेश ने मोबाइल नंबर लिया। दोनों में बातचीत हुई। तब मुकेश ने कहा कि वह अपने पति से तलाक ले। इसके बाद वह शादी कर लेगा। 2024 में मुकेश के कहने पर पति से तलाक ले लिया। इसके बाद मुकेश के साथ लिवइन में रहने लगी। जनवरी में न्यू ईयर के बहाने मुकेश भंवरकुआ की एक होटल में लेकर आया। जल्द शादी करने का वादा किया। इसके बाद उसने गलत काम किया। मुकेश जनवरी माह से अब तक कई बार गलत काम कर चुका है। 10 जून को मुकेश से कहा कि अब काफी समय हो गया है। शादी कर लेना चाहिए तो उसने विवाद किया और छोड़कर चला गया। इसके बाद उसने कहा कि अगर शादी की बात की तो वह फोटो वायरल कर देगा। बाद में 12 जून को तेजाजी नगर इलाके में मुकेश घर पहुंचा और पीड़िता के भाई को धमकाया। यहां पीड़िता ने शादी की बात की तो उसने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता उसे समझाती रही। लेकिन आरोपी के नही मानने पर थाने आकर केस दर्ज कराया।

# उद्घाटन से पहले ही धंस गया 1100 करोड़ में बना फोरलेन हाईवे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश के बालाघाट-गोंदिया फोरलेन हाईवे की सच्चाई पहली ही बारिश में उजागर हो गई। 1100 करोड़ रुपए की लागत से तैयार यह हाईवे उद्घाटन से पहले ही धंस गया। गोंगलाई और भमोड़ी गांव के पास बारिश के चलते सड़क किनारे का शोल्डर और स्लोप बह गया, जिससे हाईवे का कंक्रीट स्ट्रक्चर भी दरक गया। इससे न केवल निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं, बल्कि पूरे सिस्टम की जवाबदेही भी कटघरे में है।**



इस फोरलेन हाईवे का निर्माण केसीपीएल कंपनी द्वारा किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधीन है। करोड़ों की लागत से बने इस फोरलेन की पहली ही बारिश ने निर्माण कार्य की असलियत सामने ला दी। बारिश के कारण सड़क के किनारे की मिट्टी बह गई, जिससे कंक्रीट स्ट्रक्चर बैठ गया और पूरी ढलान धंस गई। जानकारों का मानना है कि सड़क निर्माण में इंजीनियरिंग मानकों की अनदेखी की गई। जहां सड़क धंसी है, वहां समुचित कंपेक्शन नहीं किया गया था। साथ ही जल निकासी की भी व्यवस्था नहीं थी। मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा कि 1,100 करोड़ का हाईवे पहली बारिश में ही हाईवे धंस गया। उद्घाटन से पहले ही भ्रष्टाचार के फीते कट गए। ये भाजपा के भ्रष्ट सिस्टम की असली तस्वीर है। जब तक जवाबदेही तय नहीं होगी, जनता का पैसा यूं ही बहता रहेगा। एनएचएआई की प्रोजेक्ट डायरेक्टर आकृति गुप्ता ने बताया कि इंजीनियरों की टीम को मौके पर भे जा गया है। मरम्मत कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। ऐसा क्यों हुआ इसकी जांच भी कराई जाएगी। निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी कर जांच शुरू कर दी गई है।

## नसबंदी खोलने के ऑपरेशन की जगह डॉक्टर ने बच्चेदानी ही निकाल दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** महिला की नसबंदी खोलने के आपरेशन में डाक्टर द्वारा गंभीर लापरवाही करने का मामला सामने आया है। डॉक्टर ने नसबंदी आपरेशन खोलने की जगह महिला की बच्चेदानी ही निकाल दी। डाक्टर की इस लापरवाही पर महिला के पति, स्वजन और खारोल समाजजन आक्रोशित हैं। बच्चेदानी निकालने वाले डॉक्टर के घर के बाहर महिला के स्वजन और समाजजन ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। इसके बाद शहर थाने पहुंचकर मामले में आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार शाम समाजजन के साथ कोतवाली थाने पर पहुंचे राजेश पुत्र पूनमचंद खारोल निवासी संजय हिल्स ने थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन दिया। आवेदन में बताया कि मेरी पत्नी अयोध्याबाई का पूर्व में नसबंदी ऑपरेशन किया हुआ था। हम पति-पत्नी ने निर्णय लिया था कि हम एक संतान और करेंगे और इसके लिए नसबंदी ऑपरेशन खुलवा लेंगे। इसके लिए हमने डॉ. एसएस वर्मा से संपर्क किया था। डॉक्टर द्वारा जांच भी करवाई गई एवं सभी जांचें सही आने पर डॉ. वर्मा ने 7 जुलाई 2025 को शहर के एक निजी अस्पताल में आपरेशन खोलने के लिए बुलाया था। डॉ. वर्मा ने मेरी पत्नी का ऑपरेशन किया। आरोप है कि ऑपरेशन खोलने की बजाय डॉक्टर द्वारा बच्चेदानी ही निकाल दी गई। उसके बाद 10 जुलाई को महिला की छुट्टी भी कर दी गई।

## महिला प्रोफेसर की खून से सनी लाश मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** गढ़ा क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक महिला प्रोफेसर की खून से सनी लाश उनके घर में मिली। मृतक के गले और हाथ में कटने के निशान हैं। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचा दिया। अंबर विहार में रहने वाली प्रो. प्रज्ञा अग्रवाल (57) अविवाहित थीं। वे होम साइंस कॉलेज में वनस्पति शास्त्र पढ़ाती थीं। हाल ही में उनका ट्रांसफर जबलपुर से दमोह हुआ था। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला है कि प्रोफेसर घर पर अकेली रहती थीं। आसपास के कुछ लोग कभी-कभी उनसे मिलने आया करते थे। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## मगरमच्छ के हमले से महिला की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह, एजेंसी।** सुबह व्यारमा नदी में नहाने गई एक महिला को मगरमच्छ खींच ले गया। महिला को मगरमच्छ के जबड़े में जकड़ा देख लोगों ने शोर मचाया। करीब एक घंटे बाद महिला की लाश मिली। घटना कनिया घाट पटी गांव की है। महिला की पहचान मालतीबाई (40) पति मेघराज सिंह के रूप में हुई है। ग्रामीण प्रहलाद सिंह का कहना है कि मालती एक सहेली के साथ सुबह करीब 6 बजे गई थी। सावन का पहला दिन है, इसलिए उनको जल भी लाना था। उसकी सहेली किनारे पर खड़ी थी। मालती डिब्बे में नदी से पानी भर रही थी, तभी मगरमच्छ ने उनके पैर को जबड़े में भर लिया। मगरमच्छ उनको खींचते हुए नदी के बीचोंबीच ले गया। नदी का बहाव तेज है, इसलिए लोग उसे बचा नहीं सके।

## 5000 से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों में बनेंगे 2 सामुदायिक भवन : मंत्री श्री पटेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी। मध्यप्रदेश में जिन ग्राम पंचायतों की आबादी 5 हजार से ज्यादा है उन पंचायतों में दो सामुदायिक भवन बनाए जाएंगे। इसके साथ ही 10 से 12 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर-क्लस्टर वाली ग्राम पंचायत में उप यंत्री का कार्यालय बनाया जाएगा।**




पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने शुक्रवार को बालाघाट जनपद पंचायत के ग्राम भरवेली में 64 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सर्व-सुविधायुक्त ग्राम पंचायत भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते यह बात हुए कही। उन्होंने ग्राम पंचायत भवन परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं समाज सेविका माता सावित्री बाई फुले की प्रतिमा का अनावरण किया और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि भरवेली ग्राम पंचायत भवन लोकार्पण का कार्यक्रम यादगार दिन है। देश के विकास की रीढ़ माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी जी एवं महान समाजसेवी सावित्री बाई फुले की प्रतिमा का अनावरण करने का अवसर सौभाग्य की बात है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल जी के प्रयासों से देश के गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है। उनके द्वारा प्रारंभ की गई यह योजना आज भी फलीभूत हो रही है। समाजसेविका सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं की शिक्षा के लिए जो काम किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता है। आने वाले समय में प्रदेश में बिना भवन की कोई भी ग्राम पंचायत नहीं रहेगी। राज्य में चरण बद्ध रूप से ग्राम पंचायत भवन बनाए जा रहे हैं और उनके साथ ही सामुदायिक भवन भी बना रहे हैं। जिन ग्राम पंचायतों की आबादी 05 हजार से अधिक है वहां पर दो सामुदायिक भवन बनाये जाएंगे। भरवेली को भी इसका लाभ मिलेगा।

## मंदिर में सो रहे पुजारी को काले कोबरा सांप ने डसा, उपचार के दौरान मौत

**ग्वालियर।** जिले के कुरथरा गांव में तड़के सुबह शिव मंदिर परिसर में सो रहे पुजारी ब्रह्मानंद बौहरे को काले कोबरा ने डस लिया। पुजारी ने खुद ग्रामीणों को सूचना दी। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों के अनुसार सांप का जहर बेहद खतरनाक था, जिससे बचना मुश्किल था। घटना के बाद सांप मंदिर परिसर की हवन कुंडी में छिप गया। सर्प मित्र जग्गू परिहार ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि ब्लैक कोबरा प्रजाति के सांप के काटने से बचने की संभावना बहुत कम होती है। पुजारी की मौत से गांव में शोक है। ग्रामीणों ने बताया कि ब्रह्मानंद बौहरे धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से बारिश के मौसम में सांपों के बढ़ते खतरे को देखते हुए जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है।

## सिंहस्थ महाकुंभ-2028 की तैयारी तेज हुई

**भोपाल।** उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ के शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित संचालन के लिए मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। शुक्रवार को 2025 को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय, भोपाल के कॉन्फ्रेंस हॉल में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर आयोजित साथ ही, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एडीजी उज्जैन जोन, पुलिस आयुक्त इंदौर, आईजी व डीआईजी इंदौर ग्रामीण, डीआईजी उज्जैन रेंज तथा उज्जैन, खण्डवा, खरगौन, देवास, शाजापुर, धार, रतलाम, सीहोर एवं आगर-मालवा के पुलिस अधीक्षक बैठक से वर्चुअल रूप से जुड़े।

# झुंड से भटक कर गोदावल रेंज पहुंचे जंगली हाथियों का तांडव, घरों में मचाई तोड़फोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** ब्यौहारी के वन परिक्षेत्र गोदावल में बीती रात एक जंगली हाथी ने तांडव मचाया। आधा दर्जन से अधिक घरों को नुकसान भी पहुंचाया, जिससे ग्रामीणों में काफी गुस्सा है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की टीमें लगातार हाथी की निगरानी तो कर रही हैं, लेकिन हुए नुकसान का मुआवजा बनाने में राजस्व लेट लतीफी कर रहा है। लोगों की मांग है कि इस जंगली हाथी को रेस्क्यू कर बांधवगढ़ जंगल में छोड़ा जाए।

ब्यौहारी के गोदावल रेंज बांधवगढ़ जंगल से सटा हुआ है, जिसकी वजह से आए दिन यहां जंगली जानवरों का आना-जाना आम है। रेंजर ने बताया कि बांधवगढ़ जंगल में जंगली हाथियों का झुंड है, जिससे भटककर एक हाथी इस क्षेत्र में आ गया है। और उसने 6 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचाया है। स्थानीय लोगों की जानकारी के बाद हमने वन विभाग की टीमें मौके पर भेजी हैं, जो जंगली हाथी की निगरानी कर रही हैं। आसपास के गांव में मुनादी भी की गई है कि लोग सतर्क हो जाएं।

रेंजर गोदावल रजनीश त्रिपाठी ने स्पष्ट किया है कि जिन घरों को हाथी ने नुकसान पहुंचा है, हम मौके पर पहुंच नुकसान हुए चीजों का पंचनामा तैयार कर राजस्व विभाग को इसकी जानकारी दे चुके हैं। अब राजस्व विभाग नुकसान का मुआवजा देने की प्रक्रिया करेगी। जिनके घरों में हाथी ने नुकसान किया है उनमें नाम दीनदयाल सिंह, सुबह लाल सिंह, राधेलाल सिंह, कौशल सिंह एवम सुरेंद्र चौधरी शामिल हैं। इनके अलावा कुछ अन्य लोगों ने मुआवजे की राशि कम और लेट लतीफी से देने का राजस्व विभाग पर आरोप भी लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का मूवमेंट रहता है। इसके पहले भी कई बार जंगली हाथी ने हमारे क्षेत्र में कई घरों को नुकसान पहुंचाया था। वन विभाग ने अपना कार्य किया, लेकिन राजस्व विभाग लेट लतीफी कर नुकसान हुई राशि में कटौती करता है। जिससे हुए नुकसान की भरपाई नहीं हो पाती। दूसरी ओर शहडोल वन परिक्षेत्र की सीमा पर चार जंगली हाथी पिछले पांच दिनों से मौजूद हैं। इधर भी कई घरों को हाथियों ने नुकसान पहुंचा है।

## प्रतिकूल प्रभावों के प्रति सतर्कता जरूरी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनसंख्या की असंतुलित बढ़ोतरी समाज और राष्ट्र के साथ आवश्यक संसाधनों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। विश्व जनसंख्या दिवस जागरूक करता है कि सुरक्षित भविष्य और भावी पीढ़ियों को बेहतर दुनिया प्रदान करने के लिए हम जनसंख्या विस्फोट जैसी स्थिति से बचें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए हैं।


## संपादकीय

# तिब्बत की संस्कृति को खत्म करना चाहता चीन!

चीन की ओर से तिब्बती बच्चों को बोर्डिंग स्कूलों में रखने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। 'तिब्बती एक्शन इंस्टीट्यूट' की एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने लगभग 10 लाख तिब्बती बच्चों को जबरन अपने प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे बोर्डिंग स्कूलों में रखा है। इनमें से 1 लाख बच्चे 4 से 6 साल की उम्र के हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन बच्चों को दुर्व्यवहार, उपेक्षा और विचारधारा के दबाव का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, उनकी पहचान मिटाने की कोशिश की जा रही है। चीन ऐसा करके तिब्बत की संस्कृति को खत्म करना चाहता है। 'तिब्बती एक्शन इंस्टीट्यूट'की इस रिपोर्ट में कुछ बच्चों के माता-पिता के बयानों का हवाला दिया गया है। माता-पिता का कहना है कि उनके बच्चों के साथ दुर्व्यवहार होता है। उनकी देखभाल ठीक से नहीं की जाती। उन्हें गलत चीजें सिखाई जाती हैं। उनकी पहचान मिटाने की कोशिश की जा रही है। ये सब चीन सरकार की ओर से तिब्बत में चलाए जा रहे बोर्डिंग स्कूलों और प्रीस्कूलों में हो रहा है। TAI ने एक बयान में कहा, 'चीन सरकार दलाई लामा की संस्था को अपने नियंत्रण में करने की कोशिश कर रही है। वह दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चुनाव में दखल देना चाहता है। साथ ही, वह तिब्बती बच्चों को अपनी नीतियों के तहत मिलाकर तिब्बत की पहचान मिटाना चाहता है। TAI के अनुसार, यह छात्रों का उपनिवेशीकरण है। वह तिब्बती बच्चों को ऐसी नीतियों के माध्यम से निशाना बना रही है जो तिब्बत की संस्कृति को खत्म कर देंगी। डॉ. ग्याल लो एक तिब्बती समाजशास्त्री हैं। उन्होंने इस रिपोर्ट को बनाने के लिए फील्डवर्क किया था। उनका कहना है कि यह 'छात्र उपनिवेशीकरण' है। यह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की एक योजना है। वे तिब्बत की 4700 साल पुरानी संस्कृति को मिटाना चाहते हैं। ग्याल लो 2020 में तिब्बत से भाग गए थे। अब वे TIA के साथ काम कर रहे हैं। ग्याल लो ने अनुमान लगाया है कि 4 से 6 साल की उम्र के कम से कम एक लाख बच्चे हैं। इन बच्चों को तिब्बत के ग्रामीण इलाकों में उनके माता-पिता से दूर ले जाया गया है। उन्हें चीनी सरकार की ओर से चलाए जा रहे बोर्डिंग स्कूलों में रखा गया है। इसके अलावा, लगभग 9 लाख बच्चे और किशोर जिनकी उम्र 6-18 वर्ष की है, उन्हें भी बोर्डिंग स्कूलों में रखा गया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 18 साल से कम उम्र के भिक्षुओं और ननों को भी जबरदस्ती इन स्कूलों में भेजा जा रहा है। ग्याल लो ने तिब्बत के अम्दो और खाम प्रांतों में 50 से अधिक बोर्डिंग प्रीस्कूलों का दौरा किया। उन्होंने अनुमान लगाया कि वर्तमान में पूरे तिब्बत में कम से कम 100,000 तिब्बती बच्चे प्रीस्कूल आवासीय संस्थानों में रह रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बोर्डिंग स्कूलों में, बच्चों को गलत चीजें सिखाने की प्रक्रिया बहुत कम उम्र से ही शुरू हो जाती है। बच्चों को अपनी मातृभाषा - तिब्बती बोलने से रोका जाता है।

# अपनी भाषा पर गर्व

बात उन दिनों की है जब स्वामी विदेश यात्रा पर गए थे। वहां उनके आदर-सत्कार के लिए कई लोग आए । उनमें से कुछ लोगों ने स्वामी से साथ हाथ मिलाना चाहा और कुछ ने अंग्रेजी में उनसे 'हेलो' कहा। स्वामी विवेकानंद ने जवाब में हाथ जोड़ते हुए सबको नमस्कार कहा।



यह देखकर कुछ लोगों ने सोचा कि स्वामी को अंग्रेजी नहीं आती है, इसलिए वो जवाब में नमस्ते कह रहे हैं। ऐसा सोचकर भीड़ में से एक व्यक्ति ने स्वामी विवेकानंद से हिंदी में पूछा कि आप कैसे हैं? हिंदी में सवाल सुनकर स्वामी विवेकानंद मुस्कुराए और उसे इंग्लिश में जवाब दिया, "आई एम फाइन, थैंक यूं।"

स्वामी विवेकानंद का अंग्रेजी में जवाब सुनकर वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए। लोगों के मन में हुआ कि जब इनसे अंग्रेजी में सवाल किया गया तब हिंदी में जवाब मिला और फिर हिंदी में बात करने पर इंग्लिश में जवाब मिला। आखिर ऐसा क्यों हुआ। तभी एक व्यक्ति ने स्वामी विवेकानंद से यह सवाल पूछ ही लिया।

इसका जवाब देते हुए स्वामी विवेकानंद ने बड़ी ही विनम्रता से कहा कि जब आप लोगों ने अंग्रेजी में बात करके अपनी भाषा को आदर दिया, तब मैंने अपनी भाषा को मां मानकर उनका सम्मान करते हुए हिंदी में जवाब दिया।

स्वामी विवेकानंद की इस बात को सुनकर वहां मौजूद सारे विदेशी हैरान रह गए और तभी से हिंदी भाषा को पूरे विश्व में सम्मान मिलने लगा। इस किस्से से स्वामी विवेकानंद का अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति प्यार और आदर झलकता है।

### कहानी की सीख

हमेशा अपनी राष्ट्र भाषा को सम्मान देना और उस पर गर्व महसूस करना चाहिए। साथ ही अन्य भाषाओं का भी इतना ज्ञान होना जरूरी है कि हम सामने वाले की बात को समझ सके।

## रंग भरो



Punjab

# भाखड़ा-नांगल बांध पर CISF तैनाती को लेकर ठनी पंजाब विधानसभा में विरोध में प्रस्ताव पास

**पंजाब।** पंजाब विधानसभा ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (BBMB) के भाखड़ा-नांगल बांध प्रोजेक्ट में सीआईएसएफ की तैनाती के खिलाफ प्रस्ताव पास किया है। इसमें कहा गया कि राज्य पुलिस पिछले 70 वर्षों से इन प्रतिष्ठानों की विधिवत सुरक्षा कर रही है। प्रस्ताव में कहा गया कि अगर बीबीएमबी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के कर्मियों को तैनात करता है तो पंजाब सरकार ऐसी तैनाती के संबंध में कोई भी वित्तीय बोझ वहन नहीं करेगी। सीआईएसएफ की तैनाती के खिलाफ प्रस्ताव शुक्रवार को पंजाब विधानसभा में पेश हुआ। विशेष सत्र के दूसरे दिन कैबिनेट मंत्री बरिंदर गोयल की



ओर से इसे लाया गया।

प्रस्ताव के अनुसार, पंजाब ने सीआईएसएफ की तैनाती के मुद्दे पर फिर से विचार किया है। 27 मई और 4 जुलाई को बीबीएमबी को सीआईएसएफ की तैनाती के विरुद्ध अपनी कड़ी आपत्तियां जताई थीं। मई में केंद्र सरकार ने पंजाब में नांगल बांध को आतंकवाद-रोधी सुरक्षा प्रदान करने के लिए सीआईएसएफ के 296 कर्मियों वाली सशस्त्र टुकड़ी की तैनाती की मंजूरी दी थी। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब बांध से पानी के बंटवारे को लेकर पंजाब और हरियाणा के बीच गतिरोध चल रहा है। लेकिन, पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने राज्य के बांधों पर सीआईएसएफ तैनात करने के किसी भी कदम का विरोध किया है।

Bihar

## पटना में फिर गरजी बंदूक, गोपाल खेमका के बाद मार्ट के मालिक विक्रम झा की हत्या से सनसनी

**पटना, (एजेंसी)** गोपाल खेमका हत्याकांड के बाद पटना में अपराधियों ने एक बार फिर कोहराम मचाया है। एक बार फिर व्यापारी वर्ग को निशाना बनाया गया है। पटना में शुक्रवार की रात मार्ट के मालिक विक्रम झा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वे दरभंगा के रहने वाले थे। पटना पूर्वी सिटी एसपी परिचय कुमार ने हत्या की पुष्टि करते हुए बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा है कि पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं लेकिन, अनुसंधान में खलल की वजह से उनका खुलासा नहीं किया जा सकता। घटना रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के जकरियापुर इलाके की है।

पटना में एक के बाद एक तीन कारोबारियों की हत्या से व्यापार जगत में हड़कंप मच गया है। गोपाल खेमका, बालू व्यवसायी रामानंद यादव के बाद तृष्णा मार्ट के मालिक विक्रम झा को बीती रात बदमाशों ने घर में घुसकर गोलियों से भून दिया। विक्रम झा ने मौके पर दम तोड़ दिया। उनका मार्ट लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा था। कारोबारी रंजिश समेत सभी संभावित एंगल से पुलिस तफ्तीश कर रही है। वारदात की सूचना मिलते ही सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मृतक के शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के सदस्यों से जानकारी जुटाई जा रही है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों का वीडियो पुलिस खंगाल रही है। सिटी एसपी ने कहा कि कांड को लेकर पुलिस को कुछ लीड मिले हैं। लेकिन, उनका खुलासा नहीं किया जा सकता है। घटना को लेकर कारोबारी संघों में काफी नाराजगी है। 4 जुलाई को गोपाल खेमका, 10 जुलाई को बालू व्यवसायी रामानंद यादव की हत्या कर दी गयी थी।

Uttarpradesh

## बाइक से भागते वक्त गिरा, फायरिंग की... फिर खुद ही घायल हुआ गैंगस्टर! लखनऊ पुलिस ने एनकाउंटर में दबोचा

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक बार फिर पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई. यह मुठभेड़ कुख्यात गैंगस्टर सतेंद्र उर्फ कालिया के साथ हुई, जिस पर तीन दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं. मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया. इस दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. जानकारी के अनुसार, यह मामला लखनऊ के सरोजनीनगर क्षेत्र का है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आलमबाग क्षेत्र में तीन जुलाई को एक चेन स्नैचिंग की घटना हुई थी, जिसकी सूचना पर थाना आलमबाग में तत्काल केस दर्ज किया गया था. डीसीपी के आदेश पर दो टीमें बनाई गई थीं. थाना अध्यक्ष मानक नगर और थाना अध्यक्ष आलमबाग के नेतृत्व में पुलिस जांच में जुटी थी. आज जब पुलिस रात में गश्त पर थी तो एक मुखबिर से सूचना मिली कि जो चेन स्नैचिंग तीन जुलाई को हुई थी, उसका आरोपी चेन बेचने जा रहा है. इस पर पुलिस ने गश्त तेज की तो पुलिस को देख एक बदमाश बाइक से भागा. भागते समय उसकी बाइक फिसल गई. जब पुलिस आगे बढ़ी तो उसने गोली चला दी.

New Delhi

## सीलमपुर इलाके में चार मंजिला इमारत गिरी, कई लोगों के फंसे होने की आशंका... दिल्ली में सुबह-सुबह बड़ा हादसा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार सुबह-सुबह बड़ा हादसा हुआ है। सीलमपुर इलाके में चार मंजिला इमारत गिर गई। इस हादसे में कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही। चार लोगों को मलबे से निकाला गया है। तुरंत ही उन्हें अस्पताल भेजा गया। दिल्ली फायर विभाग की टीम मौके पर मौजूद है। राहत और बचाव के काम में जुटी है।

दिल्ली फायर विभाग के मुताबिक, बिल्डिंग गिरने की घटना सीलमपुर गली नंबर 5 की है। यहां जनता कालोनी में 4 मंजिला इमारत गिरी है। 30-35 गज का मकान गिरा है। अब तक 4 लोगों मलबे से निकाला गया और हॉस्पिटल ले जाया



गया। कुछ और लोगों के दबे होने की संभावना है। दमकल की 7 गाड़ियां मौके पर, राहत बचाव कार्य जारी है।

खेल

# पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण पदक

### प्रीति पाल भी शीर्ष पर रहीं

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने शुक्रवार को सातवीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया और पुरुषों की भाला फेंक (एफ12 एवं एफ64) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। यह चैंपियनशिप काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस टूर्नामेंट के प्रदर्शन से इस साल के आखिर में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल का चयन निर्भर करेगा।**




हरियाणा के अंतिल ने 72.25 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके राज्य के मंजीत ने 54.56 मीटर के शानदार प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि एसएससीबी (सेना खेल संवर्धन बोर्ड) के प्रदीप कुमार ने 45.17 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। हरियाणा का स्वर्णिम प्रदर्शन एफ40 एवं एफ41 भाला फेंक वर्ग में भी जारी रहा। पेरिस पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह ने 42.63 मीटर भाला फेंककर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रिंस ने 31.90 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता और दिल्ली के रितेन्द्र ने 30.85 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। ट्रैक स्पर्धाओं में महिलाओं की 100 मीटर (टी 35, टी 37 और टी 42) दौड़ में उत्तर प्रदेश की प्रीति पाल ने 15 सेकंड की प्रभावशाली स्प्रिंट के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनके बाद गुजरात की बीना मोर्दिया रहीं जिन्होंने 17.20 सेकंड का समय लिया, जबकि हरियाणा की अवनी ने 20.40 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 100 मीटर (टी12 और टी 13) वर्ग में उत्तर प्रदेश की सिमरन ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए 12.30 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता।

सिनेमा

## राजकुमार की इन फिल्मों से आगे निकली मालिक, नहीं तोड़ पाई इन 5 का रिकॉर्ड



राजकुमार राव की फिल्म 'मालिक' का ट्रेलर काफी दमदार रहा था और इसे लेकर सोशल मीडिया पर भी काफी बज था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को उतनी धमाकेदार शुरुआत नहीं मिली है। पुलकित के निर्देशन में बनी मालिक को IMDb पर 7.2 रेटिंग मिली है, लेकिन पहले दिन बहुत ज्यादा लोग इसे देखने सिनेमाघरों में नहीं पहुंचे। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन महज 3 करोड़ 35 लाख रुपये रहा, जो कि उनकी तमाम एवरेज फिल्मों से भी कम है। तो चलिए जानते हैं कि फर्स्ट डे कलेक्शन के मामले में राजकुमार राव की बाकी फिल्मों के मुकाबले कहां ठहरती है मालिक। राजकुमार राव की 'स्त्री' (6.82 करोड़) और 'स्त्री-2' (55.40 करोड़) जैसी फिल्मों को छोड़ दें तो 'मालिक' पहले दिन 'भूल चूक माफ' (7.20 करोड़), 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' (5.71 करोड़) और 'मिस्टर एंड मिसेज माही' (6.85 करोड़) जैसी फिल्मों को भी टक्कर नहीं दे पाई। लेकिन कुछ फिल्में ऐसी भी हैं जिनसे 'मालिक' फर्स्ट डे कलेक्शन के मामले में आगे निकल गई है और इस लिस्ट में 'श्रीकांत' (2.41 करोड़), 'बधाई दो' (1.65 करोड़), 'रूही' (3.06 करोड़) 'न्यूटन' (0.96 करोड़) और 'बरेली की बर्फी' (2.42 करोड़) जैसी फिल्में शुमार हैं।

## Highlights

1. 'Leaders should retire at 75,' says RSS chief Mohan Bhagwat
2. Hospitals can't hold dead bodies 'hostage' over bills: Assam CM
3. What exactly are they afraid of?: BJP over stay on 'Udaipur Files'
4. Radhika's mother refused to give statement to police, said 'didn't see anything': FIR
5. T'gana clears 42% quota for Backward Classes in local body polls

# Bitcoin at all-time high amid 'Crypto Week': What does it mean?




**NEW DEIHI, (Agency).** Bitcoin shattered its all-time high on Thursday, going past $118,000 and even smashing the $119,000 barrier on Friday before settling at $118,780.

The rally comes amid a stock market tumble due to trade and tariff tensions caused by US President Donald Trump's tariff letters to more than 20 countries. It also breaks a two-month lean period for the cryptocurrency market, as Ether climbed above $3,000 for the first time since February.

But what has led to a sudden bull run in Bitcoin and the wider cryptocurrency circle, and how do the option traders view its future?

Bitcoin breaking its all-time high amid tariff tensions

The Bitcoin surge comes just before 'Crypto Week,' when the US Congress will consider three major bills impacting regulations in the cryptocurrency market.

The GENIUS Act would enable private companies to issue stablecoins. Donald Trump has already voiced his support for the bill through social media, and the Senate has cleared it. The House of Representatives is also expected to consider the Digital Asset Market Clarity Act, which would establish a framework for cryptocurrency regulation.

The CBDC Anti-Surveillance State Act, which would prevent the Federal Reserve from issuing a central bank digital currency, is also expected to be discussed. The three bills represent a dramatic shift in policy around cryptocurrency after Trump took office in January this year.

For years, unclear rules and hostile regulations in the US drove cryptocurrency companies out of the country. Now, the mood seems to be shifting as regulators move towards clearer oversight.


"We expect the capital that was previously sidelined due to regulatory uncertainty to re-enter. Even if final passage stalls, the optics of legislative engagement are bullish," said Jag Kooner of Bitfinex.

# Supermarket chain DMart's Q1 profit falls as competition, higher costs bite

**NEW DEIHI, (Agency).** India's Avenue Supermarts, which operates the DMart chain of supermarkets, reported a small decline in first-quarter profit as higher operating costs and rising competition from quick commerce players ate into margins.

Consolidated net profit dropped to 7.73 billion rupees ($90.12 million) in the three months to June-end from 7.74 billion a year earlier. Sales grew 16% in the quarter.

Analysts have flagged weakness in DMart's first-quarter sales growth, provided in a business update before results, cautioning about sustained margin pressure ahead as rivals, including online shopping platforms, gain ground.



Quick-commerce platforms such as Zepto, Eternal's BlinkIt and Swiggy's Instamart, which deliver items in as little as ten minutes, are increasingly attracting tech-savvy customers by subsidizing delivery and offering discounts.

DMart's profit after tax margin stood at 4.7% in the first quarter of fiscal 2026, compared to 5.5% last year.

The company attributed the decline in gross margins to "continued competitive intensity" in the consumer products space. Operational costs rose due to capacity building efforts and wage inflation, DMart said.

The retailer, founded by billionaire investor Radhakishan Damani, also competes with brick-and-mortar supermarkets owned by Mukesh Ambani's Reliance Industries and Vishal Mega Mart.

It utilizes a low-cost, low price strategy where it procures goods at competitive prices and sells them at heavily discounted rates, making it especially lucrative for budget-conscious and bulk buyers.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक